



TIMES OF INDIA

# From Nirala to Chughtai, LU opens door to Indian classics for MA English students

**Anjanaya Singh** | TNN

**Lucknow:** Students pursuing MA English at Lucknow University (LU) will now study a wider range of Indian literary traditions through English translations under the new National Education Policy (NEP)-aligned syllabus.

The curriculum moves beyond the conventional focus on English and American literature, introducing students to texts originally written in Indian languages—Hindi, Bengali, Tamil, Telugu, Urdu, Punjabi, Assamese, Gujarati, Kannada, Malayalam, Sindhi and Bhojpuri—in the Bhasha literature subject, which is a core curriculum of the department and has been introduced to students.

The syllabus includes Indian poetry, short stories, novels and drama translated into English. Students will read works such as Suryakant Tripathi Nirala's "She Breaks Stones", Rabindranath Tagore's "Kabuliwalah", Rajinder Singh Bedi's "Lajwanti", Ismat Chughtai's "The Crooked Line", Mahasweta Devi's "Mother of 1084" and Vijay Tendulkar's "Ghasiram Kotwal".



LITERARY SHIFT

The MA curriculum also introduces students to Indian classical literature through texts from the Vedic and epic traditions, Tamil literature, Sanskrit drama and contemporary Indian classics. Works include selections from the Rigveda, Kathopanishad, Bhagavad Gita, Ramayana, Mahabharata, Tolkappiyam, Kurunthokai and plays by Kalidasa and Bhasa.

Professor, department of English and Modern European Languages, LU, Prof RP Singh said, "Decolonisation of literature does not mean rejecting English literature. It means creating space for our own literary traditions and allowing students to engage with the plurality of Indian literary cultures. Translation makes this vast body of literature accessible to students who may not know the original languages," he said.

MA English student Madhav Agarwal said that the translated texts make regional literature easier to access while also showing how diverse Indian literature is. It is interesting to study these works alongside English literature and compare different cultural experiences.

AMRIT VICHAR

# शिक्षकों को आवास के लिए देना होगा शपथ पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जिन शिक्षकों के निजी आवास लखनऊ में हैं, उनको नहीं मिलेगा सरकारी आवास

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के आवासों में रहने वाले शिक्षकों को शपथ पत्र देना होगा। अब शिक्षकों को शपथ पत्र के माध्यम से बताना होगा कि उनका कोई निजी आवास लखनऊ में नहीं है उसके बाद ही उन्हें विश्वविद्यालय के शिक्षक आवासों में रहने की अनुमति होगी। दरअसल, विश्वविद्यालय की ओर से आवास आवंटन के लिए अब सरकारी नीति पर अमल शुरू हो गया है। इसके तहत सभी शिक्षकों से जानकारी मांगी गई है कि किन लोगों के पास शहर में अपना मकान है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने शपथ पत्र भी देने को कहा है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय में कुल शिक्षकों की संख्या करीब 400 है जबकि शिक्षक संख्या की तुलना में सरकारी आवासों की संख्या सीमित है।

लखनऊ विश्वविद्यालय में पिछले कुछ वर्षों में 100 से अधिक शिक्षकों की भर्ती भी हुई है, जिसमें काफी शिक्षक दूसरे जिले या राज्यों से आए है। आवास सीमित होने के कारण विश्वविद्यालय इन शिक्षकों को आवास नहीं दे पा रहा है। वहीं, कई पुराने शिक्षकों ने लखनऊ में अपने मकान बनवा लिए हैं, लेकिन परिसर का आवास नहीं छोड़ा है। इसी के मद्देनजर शिक्षकों से शपथ पत्र मांगा गया है, ताकि उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। लखनऊ विश्वविद्यालय में पिछले कुछ माह में कई कर्मचारियों से आवास खाली करवाए है। इसमें कई कर्मचारी ऐसे हैं, जिनको आवास आवंटित किया गया था लेकिन मौके पर कोई और रह रहा था।

I NEXT

# दीक्षारंभ में बताए करियर के अवसर

एलयू के प्रबंधन विभाग में चल रहे दीक्षारंभ-2026 के पांचवें दिन सोमवार को करियर काउंसलिंग, प्लेसमेंट अनुभव और व्यक्तित्व आकलन पर सत्र आयोजित किए गए . इंस्टीट्यूट फार करियर स्टडीज की संस्थापक-निदेशक डा . अमृता दास ने प्रबंधन विद्यार्थियों को करियर के विभिन्न विकल्पों और बदलते रोजगार परिदृश्य की जानकारी दी .